प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अद्‌भुत शौर्य और साहस के प्रतिमान, ऑपरेशन सिंदूर को आज एक वर्ष पूरा हो गया है। इस उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आतंकवाद और उसको समर्थन देने वालों को समाप्त करने के अपने संकल्प पर अडिग है। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को सम्मान देने के लिए अपने सोशल मीडिया अकांउट की प्रोफाइल पिक्चर बदल दी है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सशस्त्र सेनाओं की सफलता और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए देशवासियों से भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रोफाइल पिक्चर बदलने की अपील की है।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एच.पी.एम.सी को आगामी सीजन के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब खरीद की तैयारियों के लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। शिमला में आयोजित एक बैठक के दौरान निगम की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेब उत्पादकों, विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचपीएमसी ने वर्ष 2025 में एमआईएस के तहत रिकॉर्ड 98 हजार 5 सौ 40 मीट्रिक टन सेब की खरीद सुनिश्चित की थी।

....

मांडविया – स्वास्थ्य जांच

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नए श्रम संहिता के अंतर्गत 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए आज राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ किया। यह पहल व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और देश के कार्यबल के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में देश के कार्यबल और युवा शक्ति के प्रति सम्मान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

....

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और कल 8

मई और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं।

....

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में इस बार भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों की जीत का दावा किया है। नाहन में आज बिंदल ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार का यह कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है और विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के साथ कांग्रेस ने धोखा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में कानून व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है और विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। बिंदल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत भारतीय जनता पार्टी की जीत नहीं बल्कि देश की जीत है।

....

पैंशनर

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम पैंशनर कल्याण संगठन की सोलन इकाई ने राज्य सरकार पर पैंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। एच.आर.टी.सी पैंशनर संगठन की सोलन इकाई के महासचिव जगदीश ठाकुर ने बताया कि उन्हें न तो समय पर पैंशन मिल रही है, न ही चिकित्सा बिलों का भुगतान हो रहा है और न ही उनके लंबित भत्ते मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एच.आर.टी.सी पैंशनरों की मांगो को अनसुना कर रही है।

....